# मातृ सदन

जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार
उत्तराखण्ड (भारत) 249408
फोन - 0091-1334-246241
फैक्स- 0091-1334-245333

# Matri Sadan

Jagjeetpur, Kankhal, Hardwar
Uttarakhand (INDIA) -249408
E-mail: matrisadan@yahoo.com
matrisadan@hotmail.com
Website: www.matrisadan.org
www.matrisadan.wordpress.com

Branch Off.-MATRI SADAN Rishiganga Charanpaduka Marg, Narayan Parvat,
Badrinath, Chamoli, Uttarakhand-246422,


Ref No. : .................... Date : By Email.

MS/2K19/Hdr/67 21-06-2019

प्रेषित :

अतिआवश्यक/अतिमहत्वपूर्ण

**श्री नरेन्द्र मोदी जी,**
माननीय प्रधानमन्त्री, भारत सरकार, 7–लोक कल्याण मार्ग,
नई दिल्ली–110001.

विषय : माँ गंगाजी की अविरलता, निर्मलता और पर्यावरण के रक्षार्थ आपका व आपके सरकार द्वारा दिये गये लिखित और मौखिक आश्वासन को तत्काल पूरा करने विषयक।

माननीय,

1. मातृ सदन एक दिव्य आध्यात्मिक संस्था है, जो पर्यावरण संरक्षण एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन को कृतसंकल्प है। कृपया मातृ सदन द्वारा आपको प्रेषित पत्रांक **MS/2K19/Hdr/61** दिनांकित 05 जून, 2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा मातृ सदन के सन्त ब्रह्मचारी आत्मबोधनन्द जी के द्वारा आपको लिखे पत्र 19 अप्रैल, 2019 पश्चात आपके संज्ञान में आपके सरकार की गंगा मंत्रालय द्वारा शुरु की गई वार्ता और तदक्रम में दिये गये लिखित एवं मौखिक आश्वासन के बाद 194 दिनों से चले आ रहे ब्रह्मचारी आत्मबोधानन्द जी के अनशन को विराम दिया गया था और आपसे अनुरोध किया गया था कि गंगापुत्र स्वामी निगमानन्द सरस्वती जी की 09वीं पुण्य तिथि 13 जून, 2019 से पहले ही उन आश्वासनों को पूरा कर दिया जाये जो स्वामी निगमानन्द सरस्वती जी के लिये आपके सरकार की सबसे उत्कृष्ट श्रद्धांजलि होती और आपके कथनी व करनी में कुछ समानता प्रतीत होता। पत्र में यह भी लिखा गया था कि कृपया 15 एवं 16 जून, 2019 को अपने किसी प्रतिनिधि को मातृ सदन हरिद्वार भेजने का कष्ट करें जो हम लोगों की भावना को समझ सकें। लेकिन आपने न तो आपके संज्ञान में आपके सरकार द्वारा किये गये लिखित एवं मौखिक आश्वासनों को ही पूरा किया और न ही अपने किसी प्रतिनिधि को दिनांक 15 व 16 जून, 2019 को मातृ सदन हरिद्वार में विचार गोष्ठी में भेजकर हमलोगों की माँ गंगाजी के प्रति भावना को ही समझा।

2. **यह अभूतपूर्व है कि देश के प्रधानमन्त्री के संज्ञान में हुई वार्ता और लिखित आश्वासन का अनुपालन नहीं हो रहा है।** ऐसे में विगत 15 व 16 जून, 2019 को मातृ सदन हरिद्वार में स्वामी निगमानन्द सरस्वती जी की 09वीं पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में देश के सभी गंगाप्रेमियों से विचार माँगा गया और अन्त में यह तय हुआ कि 02 महीने का समय सरकार को दिया जाये अपने

ब्र० दयानन्द

Scanned with CamScanner

लिखित एवं मौखिक आश्वासन को पूरा करने के लिये और यदि तब भी आश्वासनों को पूरा नहीं किया जाता है तो उसके बाद पुनः अनशन शुरु किया जाये।

ऐसे में आपसे पुनः साग्रह अनुरोध है कि तत्काल अपने संज्ञान में आपके सरकार द्वारा दिये गये मौखिक और लिखत आश्वासनों को पूरा करने का कष्ट करें अन्यथा 02 महीने बाद पुनः मातृ सदन द्वारा अनशन शुरु किया जायेगा। **इस अनशन को शुरु करने का कारण हमारे मा. प्रधानमन्त्री जी की वादा खिलाफी होगा।**

सम्मान सहित।

भवदीय,

ब्र० दयानन्द

(ब्रह्मचारी दयानन्द)
मातृ सदन, हरिद्वार।

प्रतिलिपि :

1. **श्री गजेन्द्र सिंह शखावत जी**, माननीय केन्द्रीय मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को इस आशय से कि आप राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निदेशक श्री राजीव रंजन मिश्रा जी से तथ्यों से भिज्ञ होकर शीघ्रातिशीघ्र आश्वासनों को पूरा करने का कष्ट करें।

2. **श्री नृपेन्द्र मिश्र जी**, प्रधान सचिव, माननीय प्रधानमन्त्री, भारत सरकार, नई दिल्ली को इस आशय से कि आपके संज्ञान में सब कुछ रहते हुए इस ढंग का विलम्ब व्यवस्था पर एक संगीन प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है।

3. **श्री यू. पी. सिंह जी**, सचिव, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली को इस आशय से कि आप भी पूरे घटना से वाकिफ हैं, इसलिये अपने स्तर से शीघ्रातिशीघ्र आश्वासनों का क्रियान्वयन करने का कष्ट करें।

4. **श्री राजीव रंजन मिश्रा जी**, निदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत, सरकार, नई दिल्ली को इस आशय से कि आपही के द्वारा सबकुछ किया गया है। इसलिये इस सम्बन्ध में अपने स्तर से तत्काल कार्यवाही कर हमें भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(ब्रह्मचारी दयानन्द)
मातृ सदन, हरिद्वार।

Scanned with CamScanner

प्रधान मंत्री कार्यालय
**Prime Minister's Office**

नई दिल्ली- 110011
New Delhi- 110011

विषय/SUB: श्री ब्रह्मचारी दयानन्द की याचिका/Petition of SHRI BRAHACHARI DAYANAND

इस कार्यालय में प्राप्त श्री ब्रह्मचारी दयानन्द के दिनांक 21/06/2019 के पत्र/मौखिक अभ्यावेदन का सारांश यथोचित कार्रवाई के लिए अग्रेषित किया जाता है। कृपया याचिकाकर्ता को जवाब भेज दिया जाए और इसकी एक प्रति पोर्टल पर अपलोड करा दी जाए।

A letter/gist of oral representation dated 21/06/2019 received in this office from SHRI BRAHACHARI DAYANAND is forwarded herewith for action as appropriate. Reply may be sent to the Petitioner and a copy of the same may be uploaded on the portal.

[जितेंद्र कुमार मंडल/JITENDRA KUMAR MANDAL]
अनुभाग अधिकारी/SECTION OFFICER

सचिव,जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय/SECRETARY,MINISTRY OF WATER RESOURCES, RIVER DEVELOPMENT & GANGA REJUV

---

PMOPG/D/2019/0214875 दिनांक: 28/06/2019
PMO ID No.:PMOPG/D/2019/0214875 Dated: 28/06/2019

प्रति सूचना हेतु/Copy for Information to :
SHRI BRAHACHARI DAYANAND
MATRI SADAN RISHIGANGA
CHARANPADUKA MARG NARAYAN PARVAT
BADRINATH
CHAMOLI
UTTARAKHAND-246422

श्री ब्रह्मचारी दयानन्द
मातृ सदन ऋषिगंगा
चरणपादुका मार्ग नारायण पर्वत
बद्रीनाथ
चमोली
उत्तराखंड-246422

टिप्पणी - इस शिकायत की स्थिति इंटरनेट के माध्यम से https://pgportal.gov.in/status में पंजीकरण सं. PMOPG/D/2019/0214875 डालकर पता की जा सकती है।

Note:- Status of the grievance can be tracked through internet at https://pgportal.gov.in/status by entering registration no. PMOPG/D/2019/0214875

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner